Visit Website QuickSarkari.Com

# Rajasthan Police SI Question Paper 5 April 2026 GK & GS

**1. राजस्थान में राज सरस सुरक्षा कवच बीमा योजना के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादकों को कितना मुआवजा प्रदान किया जाता है?**
(1) 10 लाख (2) 15 लाख
(3) 20 लाख (4) 5 लाख
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**2. निम्न में से कौनसा राजस्थान व्यापार प्रोत्साहन नीति 2025 का मुख्य लक्षण / सहायक तन्त्र नहीं है?**
(1) ऋण गारन्टी सहायता
(2) 50 प्रतिशत निर्यात को आवश्यक करना
(3) व्यापारियों को डिजिटली समर्थ बनाना
(4) ऋणों पर ब्याज सहायता
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**3. भारत में निम्न संस्थाओं को उनकी स्थापना के कालानुक्रम में व्यवस्थित करें (प्राचीनतम से नवीनतम):**
a. नाबार्ड (NABARD) b. सेबी (SEBI)
c. सिडबी (SIDBI) d. ई.सी.जी.सी. (ECGC)
**कूट:-**
(1) c, b, a, d (2) a, c, d, b
(3) b, a, d, c (4) d, a, c, b
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**4. राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**A. NSE ने थोक ऋण बाज़ार (WDM) खण्ड के साथ अपना परिचालन शुरू किया।**
**B. 2012 में NSE ने छोटे और मध्यम उद्यमों की लिस्टिंग के लिए "NSE-EMERGE" प्लेटफॉर्म को शुरू किया।**
(1) केवल A सही है (2) केवल B सही है
(3) A एवं B दोनों गलत हैं (4) A एवं B दोनों सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**5. आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, वर्ष 2024-25 में भारत के अन्य राज्यों में कृषि उत्पादन में राजस्थान की स्थिति के बारे में निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(1) दालें - तृतीय स्थान (2) तिलहन - प्रथम स्थान
(3) खाद्यान्न - तृतीय स्थान (4) मोटे अनाज - प्रथम स्थान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**6. गलत युग्म को पहचानिये नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

| राजस्थान की स्कीम | लाभार्थी समूह / क्षेत्र |
|---|---|
| (a) आस्था स्कीम | (i) उन परिवारों को आस्था कार्ड देना जिनमें दो या अधिक व्यक्ति 50 प्रतिशत से अधिक अशक्तता वाले विशेष योग्य जन हो |
| (b) नवजीवन योजना | (ii) अवैध शराब व्यवसाय में लिप्त समुदायों के कल्याण की स्कीम |
| (c) मिशन वात्सल्य | (iii) अनाथ बच्चों के कल्याण की स्कीम |
| (d) प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम | (iv) रेगिस्तानी तथा पहाड़ी क्षेत्रों का विकास की स्कीम |

**कूट:-**
(1) केवल (b) तथा (c) गलत हैं
(2) केवल (a), (b) तथा (c) गलत हैं
(3) (a), (b), (c) तथा (d) सभी गलत हैं
(4) केवल (a) तथा (d) गलत हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**7. नवनेरा बैराज (ERCP) का निर्माण किस नदी पर किया जा रहा है?**
(1) परवन (2) माही
(3) बनास (4) कालीसिन्ध
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**8. जयपुर में मार्च 2025 में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 12वें क्षेत्रीय 3R और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का आयोजन किया गया। यहाँ 3R से तात्पर्य है:**
(1) रिसाइकल, रिसोर्स, रिजेनरेट
(2) रीयूज़, रिडिज़ाइन, रिसाइकल
(3) रिड्यूस, रीयूज़, रिसाइकल (4) रिड्यूस, रीयूज़, रिज़र्व
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**9. निम्न कथनों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिये गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**
(i) 2024-25 में राजस्थान के चालू कीमतों पर सकल राज्य मूल्यवर्धन में सेवा क्षेत्र का योगदान सर्वाधिक था।
(ii) 2024-25 में राजस्थान के कृषि क्षेत्र के चालू कीमतों पर सकल राज्य मूल्यवर्धन में पशुसंपदा का योगदान सर्वाधिक था।
(iii) 2024-25 में राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र के चालू कीमतों पर सकल राज्य मूल्यवर्धन, में खनन और उत्खनन का योगदान न्यूनतम था।
(iv) 2024-25 में राजस्थान के सेवा क्षेत्र के चालू कीमतों पर सकल राज्य मूल्यवर्धन में व्यापार व होटल तथा रेस्टोरेंट का योगदान सर्वाधिक था।
**कूट:-**
(1) केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं।
(2) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं।
(3) सभी (i), (ii), (iii) और (iv) सही हैं।
(4) केवल (i) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**10. सूची-A का सूची-B से मिलान कीजिए एवं सही Ons विकल्प चुनिये:**

| सूची-A (परियोजना का नाम) | सूची-B (वित्त प्रदाता एजेन्सी) |
|---|---|
| (a) राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास कार्यक्रम (तृतीय चरण) | (i) विश्व बैंक |
| (b) राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना | (ii) ADB |
| (c) बाँध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना-II | (iii) KFW |
| (d) अन्तः राज्यीय प्रेषण प्रणाली ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर-II | (iv) JICA |

**कूट:-**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**11. विभिन्न प्राकृतिक स्रोतों में उपलब्ध अम्लों के लिए कॉलम-I को कॉलम-II से सुमेलित कर कॉलमों के नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही विकल्प चुनिए:**

| कॉलम-I (स्रोत) | कॉलम-II (अम्ल) |
|---|---|
| A. इमली | (i) ऑक्सैलिक अम्ल |
| B. टमाटर | (ii) टार्टरिक अम्ल |
| C. चींटी का डंक | (iii) मेथैनॉइक अम्ल |

**कूट:-**

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**



Join Telegram Channel "QuickSarkari.Com"

Visit Website QuickSarkari.Com

**12. आयाम मॉडुलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें:**
कथन-A: संदेश सिग्नल और वाहक तरंग को एक अरैखिक युक्ति पर अनुप्रयुक्त करके और फिर उसे एक बैंड पारक फ़िल्टर से गुजारकर, आयाम मॉडुलित तरंगें प्राप्त की जा सकती हैं।
कथन-B: ज्यावक्रीय संदेश सिग्नल के लिए आयाम मॉडुलित तरंग में $\omega_m$, $2\omega_m$ तथा $\omega_m$ प्रत्येक समान आयाम की आवृत्तियाँ होती हैं।
(1) केवल कथन A सत्य है।
(2) केवल कथन B सत्य है।
(3) कथन A और B दोनों असत्य हैं।
(4) कथन A और B दोनों सत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**13. दिसंबर 2020 से दिसंबर 2025 के दौरान इसरो के द्वारा 22 उपग्रहों का प्रमोचन किया गया था। इनमें से संचार और नेविगेशन से संबंधित थे, क्रमशः**
(1) 6 और 3 (2) 2 और 3
(3) 7 और 4 (4) 4 और 2
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

**14. n-प्रकार के अर्धचालक के लिए, इलेक्ट्रॉन तथा होल सान्द्रताओं $n_e$ तथा $n_h$ के बीच संबंध है-**
(1) $n_e << n_h$ (2) $n_e >> n_h$
(3) $n_e n_h = 1$ (4) $n_e = n_h$
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**15. प्रोटोकॉल्स IPv4 तथा IPv6 में बिट्स की संख्या क्रमशः हैं:**
(1) 48 तथा 64 (2) 64 तथा 256
(3) 128 तथा 32 (4) 32 तथा 128
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**16. किस प्रकार के हिपैटाइटिस के लिए प्रभावी टीके व्यापक रूप से उपलब्ध नहीं हैं?**
(1) हिपैटाइटिस B (2) हिपैटाइटिस C
(3) हिपैटाइटिस E (4) हिपेटाइटिस A
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**17. समन्वय 2025 के दौरान डीआरडीओ द्वारा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) साझेदारों को हस्तांतरित प्रौद्योगिकी के संदर्भ में कॉलम-I का कॉलम-II से मिलान कीजिए तथा कॉलमों के नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| कॉलम-I (प्रौद्योगिकी) | कॉलम-II (टीओटी साझेदार) |
|---|---|
| (A) डी-29 इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट | (i) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पुणे |
| (B) एथर्मल लेज़र टारगेट डेजिनेटर | (ii) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बेंगलुरु |
| (C) नैटसेट-हैंडहेल्ड और नैटसेट-मिनी टर्मिनल्स | (iii) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पंचकुला |
| | |

कूट:-

| | (A) | (B) | (C) |
|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

**18. नैनी-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, मोहाली के एक हालिया शोध अध्ययन के अनुसार, ग्रीन टी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट गुणधर्म वाले पॉलीफीनॉल, न्यूरोट्रांसमीटर और अमीनो एसिड को एकीकृत करने वाले नैनोंकणों से जुड़ा एक नया तरीका उपचार की क्षमता रखता है:**
(1) मिर्गी के (2) जलशीर्ष के
(3) डेंगू के (4) अल्जाइमर रोग के
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**19. भारत में बायोस्फीयर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही विकल्प चुनें (15 जनवरी, 2026 तक):**
(1) भारत में 18 अधिसूचित बायोस्फीयर रिज़र्व हैं, जिनमें से 10 यूनेस्को के वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व (WNBR) द्वारा मान्यता-प्राप्त हैं।
(2) भारत में 21 अधिसूचित बायोस्फीयर रिज़र्व हैं, जिनमें से 15 यूनेस्को के वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व (WNBR) द्वारा मान्यता-प्राप्त हैं।
(3) भारत में 18 अधिसूचित बायोस्फीयर रिज़र्व हैं, जिनमें से 13 यूनेस्को के वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व (WNBR) द्वारा मान्यता-प्राप्त हैं।
(4) भारत में 13 अधिसूचित बायोस्फीयर रिज़र्व हैं, जिनमें से 10 यूनेस्को के वर्ल्ड नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व (WNBR) द्वारा मान्यता-प्राप्त हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**20. निम्नलिखित कृत्रिम मधुरकों में से किसका गन्ने की चीनी की तुलना में माधुर्य मान सबसे अधिक है?**
(1) सैकरीन (2) सुक्रालोस
(3) ऐलिटेम (4) एस्पार्टम
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**21. विश्व पर्यावरण दिवस 2025 से संबंधित यूएनईपी (UNEP) के आधिकारिक हैशटेग (#) व वैश्विक उत्सव के मेजबान देश के सही युग्म का चयन कीजिए।**
(1) फॉरदलाइफऑफअर्थ - भारत
(2) बीटप्लास्टिकपॉल्यूशन - कोरिया गणराज्य
(3) जेनरेशनरिस्टोरेशन - सऊदी अरब
(4) लैण्डरिस्टोरेशन -डेनमार्क
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

**22. मछली पालन में, एक ही मछली के तालाब में पाँच या छह मछली प्रजातियों का संयोजन प्रयुक्त किया जाता है। इसके संबंध में दिए गए कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें:**
कथन-A: कतला सतही भोजन लेने वाली मछलियाँ हैं।
कथन-B: रोहू तालाब के मध्य-क्षेत्र में भोजन करती हैं।
कथन-C: मृगल और कॉमन कार्प तालाब की तली से भोजन लेने वाली मछलियाँ हैं।
**विकल्प:**
(1) सभी कथन A, B और C गलत हैं।
(2) कथन A, B गलत हैं और कथन C सही है।
(3) कथन A, B सही हैं और कथन C गलत है।
(4) सभी कथन A, B और C सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

**23. निम्नलिखित में से कौनसी आर्थिक महत्त्व की वृक्ष प्रजाति की पहचान राजस्थान राज्य जैव-विविधता बोर्ड द्वारा गंभीर रूप से संकटग्रस्त पादप प्रजाति के रूप में की गई है?**
(1) ऐनोगाइसस लैटीफोलिआ
(2) ऐनोगाइंसस पेन्डुला
(3) ऐनोगाइसस सेरीसिया वेरा. नुमुलेरिया
(4) टेक्टोना ग्रेन्डिस
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]



Join Telegram Channel "QuickSarkari.Com"

Visit Website QuickSarkari.Com

**24. खाद्य टीकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कर सही उत्तर का चयन कीजिए:**
कथन-I: ये ट्रान्सजेनिक जीवाणुओं द्वारा उत्पादित पुनर्योगज प्रोटीन होते हैं।
कथन-II: ये व्यक्ति को देने में दर्द रहित, कम लागत एवं सुगम संचयन वाले होते हैं।
(1) कथन I एवं II दोनों गलत हैं।
(2) कथन I सही है, किन्तु कथन II गलत है।
(3) कथन I गलत है, किन्तु कथन II सही है।
(4) कथन I एवं II दोनों सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**25. राजस्थान के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राजस्थान में विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वर्तमान में कार्यरत उत्कृष्ट शिक्षकों/वैज्ञानिकों को दिये जाने वाले "युवा वैज्ञानिक पुरस्कार" के लिये राजस्थान में अवस्थित किसी उच्च शिक्षा संस्थान/आर एंड डी संगठन में शिक्षण/वैज्ञानिक का आवश्यक न्यूनतम अनुभव है:**
(1) 2 वर्ष (2) 4 वर्ष
(3) 5 वर्ष (4) 1 वर्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**26. यहाँ, इस प्रश्न में, एक कथन के पश्चात् दो तर्क दिए गए हैं, जिन्हें I तथा II के रूप में क्रमांकित किया गया है। आप कथन एवं तर्कों पर विचार करके तय कीजिए कि कौन सा/से तर्क मजबूत है/हैं?**
कथन: क्या पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर (GST) के दायरे में लाना चाहिए?
तर्क-I: हाँ, पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर (GST) के दायरे में लाया जाना चाहिए, यह देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा।
तर्क-II: नहीं, सभी राज्यों की अर्थव्यवस्था नष्ट हो जायेगी।
(1) केवल तर्क II मजबूत है।
(2) तर्क I तथा II दोनों मजबूत हैं।
(3) न तो तर्क I न ही II मजबूत है।
(4) केवल तर्क I मजबूत है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**27. यहाँ, इस प्रश्न में एक कथन के पश्चात् दो कार्यवाहियाँ दी गई हैं, जिन्हें I तथा II के रूप में क्रमांकित किया गया है। आप कथन और कार्यवाहियों का अध्ययन करके तय कीजिए कि तार्किक रूप से कौनसी अनुशंसित कार्यवाही/कार्यवाहियाँ अनुसरण करती है/हैं?**
कथन: इन दिनों साइबर अपराध बढ़ रहे हैं।
कार्यवाही-I: पुलिस के तकनीकी ज्ञान एवं उपकरणों का नियमित रूप से अद्यतन करने पर साइबर अपराधों में कमी की जा सकती है।
कार्यवाही-II: जनता में जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से चलाये जाने से साइबर अपराधों में कमी लाई जा सकती है।
(1) केवल II अनुसरण करती है।
(2) I तथा II दोनों अनुसरण करती हैं।
(3) न तो I न ही II अनुसरण करती है।
(4) केवल I अनुसरण करती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**28. निम्न सूचनाएँ पढ़कर, नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए: तीन व्यक्तियों P, Q तथा R में ताश के कुल नौ पत्ते, जिनमें चार बादशाह, चार बेगम तथा एक जोकर है, इस प्रकार वितरित किये गये हैं कि:**
I. Q के पास दो पत्ते, P के पास तीन पत्ते तथा R के पास चार पत्ते हैं।
II. व्यक्ति, जिसके पास अधिकतम पत्ते हैं, उसके पास जोकर नहीं है।
III. प्रत्येक के पास कम से कम एक बादशाह है, जबकि Q के पास दो बादशाह हैं।
**किसके पास तीन बेगम हैं?**
(1) R
(2) P
(3) तीन बेगम किसी के पास नहीं हैं।
(4) Q
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**29. एक परिवार में, D, केवल F एवं E के पिता हैं। D के एक पुत्र है। E की शादी G से हुई है। G, P के दामाद है। G के एक पुत्र H है। K एवं J, E के बच्चे हैं। L की शादी K से हुई है। परिवार में पुरुष सदस्यों की कुल संख्या है:**
(1) 5 (2) 6
(3) अपर्याप्त सूचना (4) 4
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**30. एक संख्या में 5, 7 तथा 8 से क्रमागत भाग देने पर शेषफल क्रमशः 2, 3 तथा 4 प्राप्त होते हैं, तो निम्न विकल्पों में से वह संख्या हो सकती है-**
(1) 427 (2) 432
(3) 437 (4) 382
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**31. A, B तथा कुछ धनराशि 3 : 2 : K के अनुपात में निवेश की। यदि C का भाग A के भाग से ₹ 120 अधिक है, B का भाग A के भाग से ₹ 30 कम है, तो K का मान है:**
(1) 6 (2) 7
(3) 8 (4) 5
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**32. निम्न विकल्पों में से दी गई श्रेणी का अगला पद है:**
**2 V 3, 3 S 5, 5 O 7, 7 I 11, ?**
(1) 11 X 13 (2) 11 Z15
(3) 9 E 13 (4) 11 C 13
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**33. एक निश्चित कूट भाषा में 'WILDLIFE' को 'LEFBFECC' तथा 'PAINTING' को 'HAEGJEGD' कूटित किया जाता है। इसी कूट भाषा में 'DYNAMICS' को कूटित किया जा सकता है:**
(1) BMJAGEBK (2) BMGAGEBJ
(3) BOGAHECJ (4) BNGAFECI
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**34. 17 से 19 जनवरी 2026 तक जयपुर में "मेलोडी ऑफ कलर्स" नामक एक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में निम्नलिखित कलाकारों में से किसकी जल रंग कृतियों का प्रदर्शन किया गया?**
(1) रजनी आर्य (2) गंगा देवी
(3) सुषमा महाजन (4) टिंकल खत्री
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**35. यदि एक निश्चित धनराशि साधारण ब्याज दर से 2 वर्षों में ₹ 912 तथा $3\frac{1}{2}$ वर्षों में ₹ 996 हो जाती है, तो मूलधन राशि है-**
(1) ₹ 800 (2) ₹ 812
(3) ₹ 822 (4) ₹ 796
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**36. नीचे दी गई सूचनाओं के आधार पर प्रश्न का उत्तर दीजिए: भारत में चार शहरों के लिए तीन विभिन्न मौसम कारकों को निम्न सारणी में दर्शाया गया है :**

| शहर | औसत वार्षिक वर्षा (मिमी. में) | औसत वार्षिक तापमान (डिग्री सेन्टीग्रेड में) | वर्ष में अधिकतम आर्द्रता |
|---|---|---|---|
| A | 75 | 21 | 126 |
| B | 86 | 17 | 130 |
| C | 68 | 17 | 160 |
| D | 70 | 24 | 150 |



Join Telegram Channel "QuickSarkari.Com"

Visit Website QuickSarkari.Com

यदि शहरों के लिए आर्द्रता गुणांक को औसत वार्षिक वर्षा को औसत वार्षिक तापमान से विभाजित करने में परिभाषित किया गया है, तो किस शहर का आर्द्रता गुणांक अधिकतम है?
(1) B (2) C
(3) D (4) A
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

37. राजस्थान सरकार ने मातृ एवं शिशु पोषण और स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरणा अभियान 22.0 शुरू किया है। इस अभियान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए:
(i) यह अभियान 22 जनवरी से 22 फरवरी, 2026 तक चलाया गया।
(ii) इस अभियान के तहत आई सी डी एस सेवाओं से वंचित सभी पात्र लाभार्थियों, गर्भवती (शुरुआती तीन माह) व धात्री महिलाओं, 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों और आकांक्षी जिलों में किशोरी बालिकाओं का पंजीकरण किया गया।
(1) केवल कथन (ii) ही सही है।
(2) कथन (i) तथा (ii) दोनों सही हैं।
(3) न तो कथन (i) और न ही कथन (ii) सही है।
(4) केवल कथन (i) ही सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

38. बामनवास-कंकर पंचायत, जो जनवरी 2026 में, राजस्थान की प्रथम प्रमाणित पूर्णतः जैविक ग्राम निकाय बनी है, निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?
(1) राजसमंद (2) झालावाड़
(3) कोटपूतली – बहरोड़ (4) प्रतापगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

39. निम्नलिखित में से किस विद्यालय ने जवाहर नवोदय विद्यालयों की 26वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2024-25 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है?
(1) पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर-II, राजस्थान
(2) पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, गोलाघाट, असम
(3) पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, मेडक, तेलंगाना
(4) पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खेड़ली, दौसा, राजस्थान
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

40. जनवरी 2026 में भारत के उपराष्ट्रपति ने "सिंग, डान्स एण्ड लीड लीडरशिप लेसन्स फ्रॉम दी लाइफ ऑफ श्रील प्रभुपाद" (गाओ, नाचो एवं नेतृत्व करो: श्रील प्रभुपाद के जीवन से नेतृत्व के सबक) नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है?
(1) नेहा सिन्हा (2) नितिन सेठ
(3) राणा दासगुप्ता (4) हिंदोल सेनगुप्ता
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

41. राजस्थान महिला टीम ने जनवरी 2026 में वाराणसी में हुई 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के लिए निम्नलिखित में से किस टीम को हराया?
(1) पश्चिम बंगाल (2) हरियाणा
(3) पंजाब (4) रेलवे
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

42. "श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
(i) गीतकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा को जनवरी 2026 में आयोजित जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में "श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल सम्मान - 2026" से सम्मानित किया गया।
(ii) इस सम्मान की शुरुआत वर्ष 2020 में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के मंच से की गई थी।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?
(1) केवल (ii) (2) दोनों (i) और (ii)
(3) न तो (i) और न ही (ii) (4) केवल (i)
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

43. 11 फरवरी, 2026 को प्रस्तुत राजस्थान के बजट 2026-27 में राजस्थान फाउन्डेशन के कितने नए चैप्टर्स प्रारंभ करने की घोषणा की गई है?
(1) 18 (2) 14
(3) 10 (4) 26
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

44. जनवरी 2026 में योनेक्स-सनराईज इंडिया ओपन (बैडमिंटन) में पुरुषों का एकल ख़िताब जीतने वाले लिन चुन-यी का संबंध किस देश से है?
(1) चीनी ताइपे (ताईवान) (2) इंडोनेशिया
(3) दक्षिण कोरिया (4) सिंगापुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न [1]

45. 'ट्रांसओशनिक सेल अभियान - लोकायन 26' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें तथा सही विकल्प का चयन करें:
A. 10 महीने का यह अभियान 13 देशों के 18 विदेशी बंदरगाहों को कवर करने वाला है।
B. इस अभियान के लिए भारतीय नौसेना के सेल ट्रेनिंग शिप आई एन एस सुदर्शिनी की तैनाती की गई है।
(1) केवल कथन B ही सही है।
(2) कथन A तथा B दोनों सही हैं।
(3) कथन A तथा B दोनों गलत हैं।
(4) केवल कथन A ही सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

46. निम्नलिखित नौसैनिक पोतों में से कौन सा जनवरी 2026 में कोच्चि से सागर मैत्री (SM-5) के पाँचवें संस्करण के लिए रवाना हुआ?
(1) आई एन एस सागरदर्शन (2) आई एन एस सुदर्शिनी
(3) आई एन एस उदयगिरी (4) आई एन एस सागरध्वनि
(5) अनुत्तरित प्रश्न [4]

47. मिलानो कोर्तिना 2026 के शीतकालीन ओलम्पिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आरिफ खान ने कौन सी स्पर्धा में कोटा प्राप्त किया?
(1) स्नोबोर्डिंग (2) स्लालोम स्कीइंग
(3) स्पीड स्कैटिंग (4) क्रॉस कंट्री स्कीइंग
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

48. निम्नलिखित खिलाड़ियों में से कौन बीसीसीआई सीनियर विमेन्स वन-डे ट्रॉफी 2026 के लिए राजस्थान सीनियर महिला क्रिकेट टीम की कप्तान थीं?
(1) सुमित्रा जाट (2) ज्योति चौधरी
(3) बबीता मीणा (4) सुमन मीणा
(5) अनुत्तरित प्रश्न [2]

49. डेनमार्क के प्रधानमंत्री का नाम क्या है, जो हाल ही में ग्रीनलैंड के मामले में चर्चा में थे?
(1) एंटोनियो कॉस्टा (2) वॉनडेर लेयन
(3) मेटे फ्रेडरिक्सन (4) फ्रेडरिक नीलसेन
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]

50. 31वें एनुअल क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2026, जो कि क्रिटिक्स चॉइस एसोसिएशन अमेरिका तथा कनाडा द्वारा दिए जाते हैं; की फिल्म श्रेणी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा पुरस्कार विजेता युग्म सही सुमेलित नहीं है?
(1) सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - जैसी बकली
(2) सर्वश्रेष्ठ फिल्म - वन बैटल आफ्टर अनादर
(3) सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - वेड ईस्टवुड
(4) सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - टिमोथी चालमेट
(5) अनुत्तरित प्रश्न [3]



Join Telegram Channel "QuickSarkari.Com"

Visit Website QuickSarkari.Com

**51. राजस्थान के दुर्गा एवं उनके प्रकारों के निम्न युग्मों में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

(1) सिवाना दुर्ग - पारिख दुर्ग (2) जालौर दुर्ग - एरण दुर्ग
(3) जैसलमेर दुर्ग - धान्वन दुर्ग (4) गागरोन दुर्ग - औदक दुर्ग
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**52. निम्नांकित जालौर के चौहान राजाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:**

A. चाचिग देव B. सामन्त सिंह
C. उदयसिंह D. कान्हड़देव

**सही उत्तर का चयन निम्न कूटों में से कीजिए:**

(1) B, A, C, D (2) A, B, C, D
(3) A, C, B, D (4) C, A, B, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**53. राजस्थान के एकीकरण से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(अ) 25 मार्च, 1948 को राज्यों के संघ जिसका नाम संयुक्त राजस्थान रखा गया, का निर्माण किया गया।
(ब) उदयपुर राज्य भी इसमें सम्मिलित किया गया तथा माणिक्यलाल वर्मा को मुख्यमंत्री पद की शपथ 1 मई, 1948 को दिलाई गयी।
(1) केवल (ब) सत्य है।
(2) (अ) एवं (ब) दोनों सत्य हैं।
(3) (अ) एवं (ब) दोनों असत्य हैं।
(4) केवल (अ) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**54. निम्न में से कौन से मेले राजस्थान के पशु मेले हैं?**

(अ) चंद्रभागा मेला (ब) तिलवाड़ा मेला
(स) सीताबाड़ी मेला (द) परबतसर मेला
(1) (अ), (स) एवं (द) (2) (अ), (ब) एवं (द)
(3) (ब), (स) एवं (द) (4) (अ), (ब) एवं (स)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**55. चित्रकला की कोटा शैली के विषय में निम्न में कौन सा कथन सत्य नहीं है?**

(1) महाराव उम्मेदसिंह के काल में शिकार चित्रों की प्रमुखता दिखाई देती है।
(2) कोटा शैली जयपुर शैली से पृथक होकर स्वतंत्र शैली के रूप में विकसित हुई।
(3) कोटा शैली सुंदर नारी आकृतियों के लिए प्रसिद्ध है।
(4) महाराव भीमसिंहजी के काल के चित्रों में वल्लभ संप्रदाय का प्रभाव प्रमुख था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**56. राजस्थान के निम्न लोक नृत्यों को उनके प्रदर्शन स्थानों के साथ सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| I | II |
|---|---|
| (A) बम नृत्य | (i) सिरोही |
| (B) वालर नृत्य | (ii) बीकानेर |
| (C) ढोल नृत्य | (iii) अलवर-भरतपुर |
| (D) अग्नि नृत्य | (iv) जालौर |

**कूट:-**

(1) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(iii)
(2) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iv)
(3) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(i)
(4) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**57. 'प्रयाग-प्रशस्ति' के विषय में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

(1) इसकी रचना हरिषेण द्वारा की गई थी।
(2) यह समुद्रगुप्त की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत करता है।
(3) इस प्रशस्ति की भाषा प्राकृत है।
(4) प्रयाग-प्रशस्ति को 'इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख' के रूप में भी जाना जाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**58. किस सूफ़ी सन्त को भारत में सूफ़ी सम्प्रदाय के 'चिश्ती' सिलसिला को स्थापित करने का श्रेय दिया जाता है?**

(1) ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती
(2) शेख सलीम चिश्ती
(3) फरीदुद्दीन गंज-ए-शकर
(4) नासिरुद्दीन चिराग-ए-दिल्ली
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**59. संत जसनाथजी के विषय में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?**

(1) जसनाथजी के विषय में गुरु गोरखनाथ का शिष्य होने की मान्यता है।
(2) उन्होंने धार्मिक कर्मकाण्डों एवं अंधविश्वासों का विरोध किया।
(3) प्रसिद्ध घुड़ला नृत्य इस संप्रदाय से संबंधित है।
(4) इस संप्रदाय का प्रमुख धार्मिक स्थल 'कतरियासर' है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**60. 'बंद बारेठा वन्यजीव अभयारण्य' राजस्थान की निम्न पूर्व रियासतों में से किससे सम्बद्ध है?**

(1) कोटा (2) भरतपुर
(3) टोंक (4) अलवर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**61. निम्न में किस क्रांतिकारी का संबंध काकोरी षड्यंत्र केस से नहीं था?**

(1) रामप्रसाद बिस्मिल (2) रोशन सिंह
(3) गोपीनाथ साहा (4) अशफाकुल्ला खान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**62. तुहवात-उल-मुवाहिदीन (ए गिफ्ट टू मोनोथिइस्ट) नामक पुस्तक के रचयिता कौन हैं?**

(1) राजा राममोहन राय (2) देवेन्द्रनाथ टैगोर
(3) मिर्जा गुलाम अहमद (4) सर सैय्यद अहमद खान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**63. सल्तनतकालीन अधिकारियों एवं उनके कार्य से संबंधित कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

(1) अर्ज-ए-मुमालिक - सैन्य विभाग का प्रमुख
(2) सद्र-उस-सुदूर - धार्मिक अनुदान विभाग का प्रमुख
(3) दबीर-ए-खास - शाही अंगरक्षकों का प्रमुख
(4) बरीद - सूचना विभाग का प्रमुख
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**64. ब्रिटिशकालीन भू-राजस्व व्यवस्था के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(अ) महालवाड़ी व्यवस्था एलफिंस्टन की रिपोर्ट के आधार पर लागू की गयी थी।
(ब) रैयतवाड़ी व्यवस्था को लागू करने में थॉमस मुनरो ने प्रमुख भूमिका निभाई थी।
(1) केवल (ब) सत्य है।
(2) (अ) एवं (ब) दोनों सत्य हैं।
(3) (अ) एवं (ब) दोनों सत्य नहीं हैं।
(4) केवल (अ) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**



Join Telegram Channel "QuickSarkari.Com"

Visit Website QuickSarkari.Com

**65. 31वाँ यू.एन. जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (UNFCCC-COP-31) आयोजित होगा -**
(1) दुबई में (2) रियो डी जनेरो में
(3) बुडापेस्ट में (4) अंताल्या में
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**66. सैन फ्रांसिस्को तथा सिंगापुर को जोड़ने वाला सबसे छोटा समुद्री जलमार्ग निम्नलिखित में से कौनसा है?**
(1) भूमध्यसागर - हिन्द महासागर
(2) दक्षिणी प्रशान्त
(3) उत्तरी प्रशान्त
(4) केप ऑफ गुड होप
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**67. स्वतंत्रता के पश्चात मणिपुर के विलय के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?**
(1) जनता की राय के अनुसार महाराज ने मणिपुर में जून 1949 में चुनाव करवाए।
(2) कांग्रेस विलय के पक्ष में थी, परन्तु अन्य राजनैतिक दल इसके विरोध में थे।
(3) भारत सरकार के साथ सितंबर 1949 में विलय समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
(4) मणिपुर के महाराज ने स्वतंत्रता प्राप्ति के कुछ दिन पूर्व ही अधिमिलन-पत्र (इंस्ट्रुमेण्ट ऑफ एक्सेशन) पर हस्ताक्षर किए।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**68. निम्नलिखित में से कौन सी भौतिक आकृति ऑस्ट्रेलिया में अवस्थित नहीं है?**
(1) ड्रेकन्सबर्ग पर्वत (2) ग्रेट सैण्डी मरुस्थल
(3) ग्रेट विक्टोरिया मरुस्थल (4) ग्रेट डिवाइडिंग रेन्ज
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**69. यू एस डी ए मृदा वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सी मृदा भारत के सर्वाधिक क्षेत्रफल में पायी जाती है ?**
(1) इनसेप्टीसोल्स (2) अल्फीसोल्स
(3) वर्टीसोल्स (4) एण्टीसोल्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**70. भारत के पूर्व-पश्चिम गलियारे पर निम्नलिखित में से कौन सा नगर अवस्थित नहीं है ?**
(1) गोरखपुर (2) कोटा
(3) प्रयागराज (4) गुवाहाटी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**71. राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक (भारत) में निम्नलिखित में से कौन सा प्रदूषकं सम्मिलित नहीं है?**
(1) पीएम 2.5 (2) कार्बन डाइऑक्साइड
(3) कार्बन मोनोक्साइड (4) पीएम$_{10}$
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**72. 'कवाल' भारत के किस भू-आकृतिक प्रदेश का विशिष्ट भू-आकार है?**
(1) मालाबार तट (2) काठियावाड़ तट
(3) उत्तरी सरकार (4) कोरोमण्डल तट
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**73. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| **खान (लौह अयस्क)** | **राज्य** |
|---|---|
| (1) बैलाडिला | मध्यप्रदेश |
| (2) सलेम | तमिलनाडु |
| (3) धारवाड़ | कर्नाटक |
| (4) गुरुमहिसानी | ओडिशा |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**74. राजस्थान वन विभाग के प्रशासनिक प्रतिवेदन 2024-25 (मूल्यांकन वर्ष 2023) के अनुसार, किस जिला युग्म में सबसे कम कुल वनावरण (वर्ग कि.मी. में) था ?**
(1) चुरू तथा जोधपुर (2) चुरू तथा गंगानगर
(3) चुरू तथा हनुमानगढ़ (4) हनुमानगढ़ तथा जोधपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**75. वर्ष 2022-23 में राजस्थान में किस जिले में मक्का के अन्तर्गत क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) सर्वाधिक था?**
(1) चित्तौड़गढ़ (2) भीलवाड़ा
(3) बांसवाड़ा (4) उदयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**76. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**
A. रीको ने कोटा और श्रीगंगानगर में एग्रोफूड पार्क विकसित किये हैं।
B. भिवाड़ी में जापानी औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है।
C. सीतापुरा में विशिष्ट आर्थिक जोन (सेज) स्थित है।
**सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूटों से कीजिए:**
**कूट:**
(1) केवल B और C (2) केवल A और C
(3) A, B और C (4) केवल A और B
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**77. विच्छेदित लसाड़िया पठार किस झील के समीप स्थित है?**
(1) अनूपसागर झील के पश्चिम में
(2) जयसमंद झील के पूर्व में
(3) राजसमंद झील के पूर्व में
(4) फायसागर झील के उत्तर में
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**78. राजस्थान मानसून रिपोर्ट-2025 (IMD, जयपुर) के अनुसार, राजस्थान में 1901-2025 के दौरान किस वर्ष में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई?**
(1) 2021 (2) 1988
(3) 2012 (4) 1917
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**79. भारत शासन अधिनियम, 1919 के संबंध में निलिखित में से कौनसा कथन गलत है?**
(1) प्रांतीय विधान परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अनुपात को बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया।
(2) 'हस्तांतरित विषयों का संचालन गवर्नर और उसकी कार्यकारी परिषद द्वारा किया जाना था।
(3) प्रांतीय विधान परिषद को अपना बजट बनाने और करारोपण की शक्ति प्रदान की गई।
(4) उस समय लॉर्ड चेम्सफोर्ड भारत के गवर्नर जनरल थे।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**80. निम्नलिखित पर विचार कीजिए:**
(1) ऋषभदेव (2) सेन्द्रा
(3) खैरवाड़ा (4) डाबला-सिंघाना
**उपर्युक्त में से कितने एस्बेस्टॉस की खानों से संबंधित हैं?**
(1) केवल दो (2) केवल तीन
(3) सभी चार (4) केवल एक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**81. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में लिंगानुपात के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा समूह सुमेलित है?**

| | **ग्रामीण** | **नगरीय** | **कुल** |
|---|---|---|---|
| (1) | 933 | 914 | 928 |
| (2) | 933 | 912 | 926 |
| (3) | 931 | 912 | 926 |
| (4) | 931 | 916 | 928 |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**



Join Telegram Channel "QuickSarkari.Com"

Visit Website QuickSarkari.Com

**82. निम्नलिखित में से कौन सी राजनीतिक पार्टियाँ आपातकाल के बाद, 1977 के चुनावों में संयुक्त विपक्षी गठबंधन में शामिल नहीं थीं?**
(1) डीएमके एवं सीपीआई (एम)
(2) बीएलडी एवं पीएसपी
(3) डीएमके एवं सीपीआई
(4) सीपीआई एवं सीपीआई (एम)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**83. निम्न में से कौनसा राज्य का नीति निदेशक तत्त्व (DPSPs) भारत के संविधान में इसके प्रावधान के साथ सही ढंग से मेल खाता है?**
(1) अनुच्छेद 46 - सम्पूर्ण भारत में समान नागरिक संहिता
(2) अनुच्छेद 47 - उद्यमों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी
(3) अनुच्छेद 48 - कृषि और पशुपालन का संगठन
(4) अनुच्छेद 43क - बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**84. निम्न कथन (A) और कारण (R) को ध्यान से पढ़िये तथा सही विकल्प का चयन कीजिये:**
**कथन-(A): भारतीय संघ की घटक इकाइयों को संघ से पृथक होने की स्वतंत्रता नहीं है।**
**कारण-(R): भारतीय संघ उसकी इकाइयों के द्वारा एक समझौते का परिणाम नहीं है।**
(1) (A) और (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(2) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।
(3) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।
(4) (A) एवं (R) दोनों व्यक्तिगत रूप से सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**85. राज्य सूची में प्रगणित किसी विषय के संबंध में राष्ट्रीय हित में विधि बनाने के लिए संसद को सशक्त करने के राज्य सभा के संकल्प को, अनुच्छेद 249 के अधीन समर्थित होना चाहिए:**
(1) उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से कम नहीं द्वारा।
(2) उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से कम नहीं तथा सदन के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत द्वारा।
(3) उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से कम नहीं तथा सदन की कुल सदस्य-संख्या के बहुमत द्वारा।
(4) उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के बहुमत से कम नहीं द्वारा।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**86. संविधान के अनुच्छेद 145 के अनुसार, अनुच्छेद 143 के अधीन निर्देश की सुनवाई करने के २ प्रयोजन से बैठने वाले उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या क्या है?**
(1) 5 (2) 7
(3) 9 (4) 4
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**87. बैंगलोर में पंचायत सदस्यों के एकत्रित समूह को संबोधित करते हुए किस भारतीय कैबिनेट मंत्री ने 1 पंचायती राज के समर्थन में निम्न प्रसिद्ध वक्तव्य दिया?**
**"मिस्टर हेगड़े जनता पार्टी से संबंधित हो सकते हैं और मैं कांग्रेस पार्टी से, परन्तु हम दोनों पंचायती राज पार्टी से संबंधित हैं।"**
(1) श्री पी.वी. नरसिम्हा राव (2) डॉ. मनमोहन सिंह
(3) श्री शरद पवार (4) श्री अर्जुन सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**88. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की कतिपय धाराओं एवं उनके प्रावधानों का नीचे उल्लेख किया गया है। निम्नांकित कूटों का प्रयोग करते हुए सही युग्मों को पहचानिए:**
(क) धारा 290 : समयबद्ध बहस
(ख) धारा 293 : आदतन अपराधियों के लिए बहस
(ग) धारा 360: अभियोजन की वापसी से पूर्व पीड़ित की सुनवाई
(घ) धारा 479: विचाराधीन कैदियों को निरुद्ध किए जाने की अवधि
**कूट:-**
(1) केवल (ख) व (ग) सही हैं।
(2) केवल (क), (ख) व (ग) सही हैं।
(3) केवल (क), (ग) व (घ) सही हैं।
(4) केवल (क) व (ख) सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**89. विकसित भारत रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण): विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच 90:10 की वित्तीय साझेदारी निम्नलिखित में से सभी पर लागू होती है, सिवाय:**
(1) हिमाचल प्रदेश (2) जम्मू और कश्मीर
(3) झारखंड (4) उत्तराखंड
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**90. भारत के नागरिक अधिकार पत्र के छः सिद्धांत क्या है?**
(1) समय, दृष्टि, मिशन, प्रदर्शन, उत्तरदायित्व, वितरण
(2) प्रभावी, सुधार, समानता, विशिष्ट, कौशल, टीम-वर्क
(3) मात्रा, नियम, प्रक्रियाएँ, शिकायत निवारण, दक्षता, समयबद्धता
(4) गुणवत्ता, विकल्प, मानक, मूल्य, जवाबदेहिता, पारदर्शिता
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**91. निम्नांकित में से कौन, अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा के प्रवर्तन के दौरान राजस्थान के राज्यपाल नहीं थे?**
(1) वसंत राव पाटिल (2) धनिकलाल मंडल
(3) बलिराम भगत (4) हुकुम सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**92. राजस्थान राज्य विधानसभा के विभिन्न सदनों में नेता विपक्ष के संबंध में सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (क) प्रथम सदन | (i) लक्ष्मण सिंह |
| (ख) तृतीय सदन | (ii) जसवंत सिंह |
| (ग) सप्तम सदन | (iii) हरिदेव जोशी |
| (घ) नवम सदन | (iv) भैरोंसिंह शेखावत |

**कूट:-**

| | (क) | (ख) | (ग) | (घ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**93. राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा लागू किए गये नवाचारों और उनके लागू होने के वर्ष का त्रुटिपूर्ण युग्म पहचानिए:**

| नवाचार | लागू होने का वर्ष |
|---|---|
| (1) माई एग्जाम माई ऑनलाइन रिव्यू यस (मेमोरी) | 2013 |
| (2) ऑनलाइन आपत्तियाँ | 2014 |
| (3) आगन्तुक प्रबंधन प्रणाली | 2018 |
| (4) ऑनलाइन एप्लिकेशन | 2012 |
| (5) अनुत्तरित प्रश्न | **[1]** |



Join Telegram Channel "QuickSarkari.Com"

Visit Website QuickSarkari.Com

**94. मुद्रास्फीति को नियन्त्रित करने की दृष्टि से, सरकार**
(1) प्रत्यक्ष कर बढ़ाती है। (2) सार्वजनिक व्यय बढ़ाती है।
(3) प्रत्यक्ष कर कम करती है। (4) अप्रत्यक्ष कर बढ़ाती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**95. भारतीय रिज़र्व बैंक किस दर पर व्यापारिक बैंकों से मुद्रा उधार लेता है?**
(1) बैंक रेट
(2) रिवर्स रेपो रेट
(3) मार्जिनल स्टैन्डिंग फैसिलिटी रेट
(4) रेपो रेट
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**96. निम्नलिखित में से किस तारीख को राजस्थान में 3 महिलाओं के मुद्दों को प्राथमिकता देने एवं उनको लागू करने के लिए अलग से महिला अधिकारिता निदेशालय गठित किया गया था?**
(1) 18 जून, 2007 (2) 18 जून, 2008
(3) 18 जून, 2009 (4) 18 जून, 2006
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**97. भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 के निम्नांकित प्रावधानों में से कौनसा त्रुटिपूर्ण सूचीबद्ध है?**
(1) महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध विभिन्न अपराधों को जेंडर-भेदभाव से रहित बनाया गया है।
(2) बलात्कार पीड़िता का चिकित्सा-प्रतिवेदन जाँच-अधिकारी को 14 दिवसों के भीतर भेजा जाना आवश्यक है।
(3) 18 वर्ष की वय से कम की महिला से सामूहिक बलात्कार में दंड आजीवन कारावास या मृत्युदण्ड है।
(4) महिला व बालक के विरुद्ध अपराध से संबंधित प्रावधानों का एक नया अध्याय बीएनएस में जोड़ा गया है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**98. भारत सरकार के वर्ष 2024-25 के केन्द्रीय बजट में निम्न में से कौन एक सर्वाधिक राजस्व प्रदान करता है?**
(1) वस्तु एवं सेवा कर (2) आय कर
(3) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (4) निगम कर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**99. मानव विकास रिपोर्ट 2025 के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर ध्यान दीजिये:**
(a) "पसन्द का मामला : तकनीक के युग में लोग और संभावनायें" शीर्षक वाली मानव विकास रिपोर्ट 2025 मानव विकास में तकनीक की महत्त्वपूर्ण भूमिका को प्रमुखता से दिखाती है।
(b) मानव विकास सूचकांक में भारत के पड़ोसियों में चीन, श्रीलंका और भूटान भारत से ऊपर जबकि बांग्लादेश भारत के बराबर और नेपाल, म्यांमार व पाकिस्तान भारत से नीचे की श्रेणी में हैं।
(c) मानव विकास सूचकांक के .700 से कम होने के कारण भारत मध्यम मानव विकास की श्रेणी में आता है।
**उपरोक्त में से कौन से सही हैं?**
**कूट:-**
(1) (a) और (c) सही हैं। (2) (b) और (c) सही हैं।
(3) (a), (b) और (c) सही हैं। (4) (a) और (b) सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**100. केन्द्रीय बजट 2025-26 में घोषित राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन में भारत के सकल घरेलू उत्पादन में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान के लिये क्या लक्ष्य रखा गया है?**
(1) 2035 तक 25 प्रतिशत (2) 2040 तक 30 प्रतिशत
(3) 2047 तक 35 प्रतिशत (4) 2030 तक 20 प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

✦✦✦✦✦✦✦



Join Telegram Channel "QuickSarkari.Com"